आदर्श प्रश्न पत्र

On CBSE Pattern

कक्षा : बारहवीं **पूर्णाङ्क : 100**

विषय : संस्कृत **समय : तीन घण्टे**

नोट : सभी भागों में से निर्देशानुसार उत्तर दीजिए—

भाग— क (अपठित गद्यांश)

प्र1. राम के चरित ने भारतीयों के हृदयों में सदा से ही एक अनुपम श्रद्धा का भाव संवरित किया है। राम को मर्यादा पुरुषोत्तम एवं विष्णु आदि के अवतार के रूप में जाना एवं माना जाता है। दशरथ पुत्र होने के साथ राम लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुघ्न के प्रिय भाई हैं। जनक राज तनया वैदेही सीता के उत्तम पति हैं। कैकयी एवं सुमित्रा, (राजा दशरथ की दोनों रानियां) उनको सगे पुत्र की तरह मानती हैं। जबकि राम माता कौशल्या के पुत्र हैं। राम जी ने रावण को युद्ध में हरा कर सीता को बन्धन मुक्त करवा कर एवं विभीषण को लंका का राजा बनाया था।

उरोक्त कथन/गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें। 10

1. मर्यादा पुरुषोत्तम किस का नाम है? 2
2. राम किसके अवतार हैं? 2
3. राजा दशरथ के चार पुत्रों के नाम बताएं। 2
4. सीता के पिता का नाम क्या था? 2
5. रावण के वध के उपरान्त लंका का राजा किस को बनाया गया? 2

भाग–ख (रचनात्मक कार्य)

प्र2. निम्नलिखित वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए। 5

1. महाकवि कालिदास की गणना विश्व के श्रेष्ठ कवियों में की जाती है। वे संस्कृत साहित्य के मूर्धन्य कवि एवं निपुण नाटककार हैं। इनकी अदभुत कल्पना शक्ति, नाटक निर्माण कौशलादि गुणों पर मुग्ध हो कर जनता इनको कवि कुल गुरु की उपाधि देने पर बाध्य हुई।

प्र3. निम्नलिखित का हिन्दी अनुवाद कीजिए। 5

रामः– अवगच्छामि ते कौतुहलम्। अस्त्यभिषेकः।
श्रुयताम्!। अद्यास्मि महाराजेनोपाध्यायामात्य प्रकृति जन समक्षमेकं
एक प्रकार संक्षिप्तं कोशल राज्य कृत्वा बाल्या–
–भ्यस्तमङ्कमारोप्य मातृगोत्रं स्निग्ध माभाष्य "पुत्र" राम!
प्रति गृह्यतां राज्यम"् इत्युक्तः।

प्र4. संस्कृत साहित्य के महत्त्व पर प्रकाश डालिए। 5

अथवा

रामायण तथा महाभारत के तुलनात्मक अध्ययन पर प्रकाश डालिए।

भाग–ग (अनुप्रयुक्त व्याकरणम्)

प्र5. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दें।

1) सन्धि (अन्तरिक विकल्प में) 2

2) सन्धि विच्छेद (अन्तरिक विकल्प के साथ) 2

3) शब्द /विभक्ति राजनादि (अन्तरिक विकल्प के साथ) 3

4) सर्वनाम शब्द/ विभक्ति अस्मद् आदि 3

5) धातुओं का क्रियारूप पाठ्यक्रम के अनुसार 2+2=4

6) कृदन्त अन्तरिक विकल्प के साथ 3

7) अव्यय परिभाषा एवं उदाहरण। 1

8) समास (नाम एवं विग्रह) 2

(आन्तरिक विकल्प के साथ) 2

प्र6. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 5

1) आदिकाव्य रामायण के रचयिता .... हैं।

2) नश्यति नश्यतः ....

3) मम् .... अस्माकम्

4) महाकवि कालिदास की .... रचनाएं हैं।

5) महाभारत के रचनाकार .... हैं।

भाग – घ–1 (पठित अववोधन)

प्र7. निम्नलिखित श्लोकों/गद्यों की सप्रसंग व्याख्या करें।

1) प्रतिमा नाटक के तीन श्लोक आन्तरिक

विकल्प के साथ (सप्रसंग व्याख्या) पूर्ण 4X3=12

प्र8. निम्नलिखित श्लोकों अथवा गद्यों का हिन्दी अनुवाद कीजिए। 3

प्रतिमा नाटक के एक गद्यांश/पद्यांश आन्तरिक विकल्प के साथ

प्र9. निम्नलिखित दो श्लोकों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 4X2=8

मेघदूत–1 से 15 श्लोक आन्तरिक विकल्प के साथ

मेघदूत– 16 से 30 श्लोक आन्तरिक विकल्प के साथ

प्र10. निम्नलिखित श्लोकों का हिन्दी अनुवाद करें। 3X4=12

मेघदूत – 1 से 17 (2 श्लोक) आन्तरिक विकल्प के साथ

के 4 श्लोक – 18 से 35 (2 श्लोक) आन्तरिक विकल्प के साथ

प्र11. मेघदूत में वर्णित नदियों/पर्वतों का वर्णन कीजिए। 3

अथवा

मेघदूत में वर्णन मेघ मार्ग का वर्णन कीजिए।

प्र12. प्रतिमा नाटक के आधार पर राम अथवा रावण का चरित्र चित्रण लिखिए। 4

अथवा

प्रतिमानाटक के आधार पर प्रथमाङ्क अथवा चतुर्थ अंक का सार लिखिए।

भाग – घ–2 (साहित्यिक अववोधन)

प्र13. नाटककार शूद्रक अथवा हर्ष का जीवन परिचय लिखिए। 4

अथवा

नाटककार अश्वघोष का जीवन परिचय मे साथ उनकी एक प्रसिद्ध रचना का उल्लेख कीजिए।

प्र014 दण्डी अथवा भाणभट्ट का जीवन परिचय लिखिए।

अथवा

सुबन्धु का जीवन परिचय लिखते हुए उनकी एक प्रसिद्ध रचना का उल्लेख लिखिए। 4

कुल अंक 10 + 5 + 5 + 5 + 20 + 5 + 12 + 3 + 8 + 12 + 3 + 4 + 4 + 4 = 100 अंक

According to SYLLAB-Break -US

प्रतिमा नाटक	–	34 अंक
मेधदूत	–	29 अंक
साहित्य	–	15 अंक
व्याकरण	–	22 अंक
		100 अंक

According to Blue Print

प्रतिमा नाटक	–	10 +5 + 12 + 3 + 4 = 34 अंक
मेधदूत	–	5 + 1 + 8 + 12 + 3 = 29 अंक
साहित्य	–	5 + 1 + 1 + 4 + 4 = 15 अंक
व्याकरण	–	20 अंक + 1 + 1 = 22 अंक
		100 अंक